सार-समाचार

प्रतिभाओं का सम्मान

लक्ष्मणगढ,शेखावाटी । स्थानीय डॉ अम्बेडकर भवन में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर की जयंती मनाई गई व प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। डॉ अम्बेडकर विचार मंच के जिलाध्यक्ष अर्जुनलाल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित जयंती कार्यक्रम में सेवानिवृत तहसीलदार श्रवणकुमार दैंया मुख्य थे जबकि ओबीसी महासंघ राजस्थान के प्रदेश महासचिव बाबुलाल सैनी, एडवोकेट प्यारेलाल मीणा, शिक्षाविद् द्वाराका प्रसाद खींची , सावित्री बाई आवार्डी निर्मला महरिया विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष हरफूल सिंह कसवाली, पूर्व तहसील अध्यक्ष अर्जुनलाल पटीर, रामप्रताप वर्मा, इंजीनियर संजेश मंडीवाल, मांगीलाल तिड़ोकी, सरपंच प्रतिनिधि रामचन्द्र बॉयल, एडवोकेट सज्जन हापास, प्रधानाचार्य नेमीचंद तंवर, लालूराम माधोपुरा, रामेश्वरलाल मंडीवाल मंचस्थ रहे। इस अवसर पर सर्व प्रथम मंचस्थ अतिथियों ने बाबा साहिब डॉ अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वागत भाषण तहसील अध्यक्ष भागीरथमल वर्मा ने दिया। समारोह स्वागत समिति के सुरेन्द्र भूमा, बाबुलाल तंवर, डॉ विमलेश रोहलण, भागीरथ तंवर व सदस्यों द्वारा भीम दुप्पटा ओढ़ाकर मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया। जबकि शहीद रामावतार आलड़िया की वीरांगना मंजु आलड़िया का दुपट्टा, शॉल व प्रतीक चिन्ह देकर विशेष सम्मान किया गया। आयोजित कार्यक्रम में 61 सेवानिवृत सरकारी कार्मिक, प्रतीभावान बालक- बालिकाओं, नवनियुक्त सरकारी कार्मिक व राजपत्रित सेवा में पदोन्नत सामाजिक प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने सामाजिक सुधार ,महिला शिक्षा को बढ़ावा, राजनैतिक जागरुकता, सामाजिक नेतृत्व क्षमता कौशल का विकास को बढ़ावा देने व सामाजिक एकता पर बल देते हुए बाबा साहिब को याद किया। कार्यक्रम में आय-व्यव का ब्योरा रामचन्द्र बाजड़ोली ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन हरलाल सिंह महरिया ने किया तथा आभार व्यक्त गणेश चौहान ने किया।समारोह में तहसील व कस्बे के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सांसद बृजेन्द्र सिंह ओला ने दी 10 लाख की सौगात

झुंझुनूं । भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर झुंझुनूं स्थित अंबेडकर पार्क में मंगलवार को भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। समारोह के मुख्य अतिथि झुंझुनूं सांसद बृजेन्द्र सिंह ओला ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब ने संविधान निर्माण के माध्यम से देश के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाए और लोकतंत्र को मजबूत बनाया। उन्होंने कहा कि आरक्षण, हिंदू कोड बिल और सभी को मतदान का अधिकार देकर समाज के गरीब और वंचित वर्गों को भी राष्ट्र निर्माण में बराबरी की भागीदारी दिलाई। सांसद ओला ने अंबेडकर पार्क के विकास के लिए सांसद कोटे से ई-लाइब्रेरी के विस्तार हेतु 10 लाख रुपये की स्वीकृति जारी करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी पार्क में संसाधनों की जरूरत होने पर हर संभव सहयोग दिया जाएगा, यही बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह राजावत, उपखंड अधिकारी कौशल्या विश्नोई, पूर्व जिला प्रमुख मदन सिंह गिल, आयकर आयुक्त डॉ. मनोज कुमार बड़ागांव और भारत सरकार के संयुक्त सचिव सुरेश चौपड़ा सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। सभी ने बाबा साहेब के विचारों को अपनाकर समाज को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बगड़ धाम के महंत भानीनाथ जी महाराज ने की। अतिथियों का स्वागत संस्थान अध्यक्ष मांगीलाल मंगली ने किया, जबकि संचालन महामंत्री फूलचंद बरबड़ ने किया। इस दौरान शिव कुमार एंड पार्टी द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिसने समारोह में उत्साह का माहौल बना दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे, जिनमें रामनिवास भूरिया, रमेश्वर वर्मा, डॉ. जगदीश बरबड़, बलबीर सिंह, संदीप पाटील, प्रो. जयलाल, सरपंच उकार मल, बाबूलाल चंदेल, बद्रीप्रसाद गौरा, कमल मीणा, किशन नायक, मांगीलाल बजाड़, नरेश खंडेलवाल, मनीराम देवरोड़ा, रघुवीर सिंह, तैयब अली, नानूराम गहलोत, भंवर अली, रामस्वरूप गजराज, एजाज अली, एडवोकेट महावीर सिंह राठौड़ सहित अनेक लोग शामिल रहे

उदयपुरवाटी में डकैती का ईनामी अपराधी गिरफ्तार

चूरू । पुलिस थाना सरदारशहर की टीम ने पुलिस थाना क्षेत्र उदयपुरवाटी में डकैती के प्रकरण में वाछिंत 5000 रुपए के ईनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है। यहां जिला पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम आईपीएस ने बताया कि वाछिंत अपराधियों की धरपकड हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अति. पुलिस अधीक्षक चूरू सुनिल कुमार आरपीएस व पुलिस उप अधीक्षक सरदारशहर कुलदीप वालिया आरपीएस के सुपर विजन मे थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई पुनि के नेतृत्व में प्रदीप कुमार सनि मय लीलाधर कानि की टीम ने मुखबीरी व आसुचना संकलन कर मालुमात किया कि पुलिस थाना उदयपुरवाटी के डकैती के प्रकरण में वांछित 5000 रुपए का ईनामी अपराधी थाना क्षेत्र में छुपकर फरारी काट रहा है। जिस पर टीम द्वारा मुलजिम के स्थाई निवास के स्थान का पता लगा कर दबीस दी गई। जहां से मुलजिम सोनु पुत्र सीताराम उम्र 23 साल नायक निवासी वार्ड 25 सरदारशहर को दस्तयाब किया जाकर सम्बधित थाना उदयपुरवाटी को सूचना कर सुपुर्द किया गया। पुलिस टीम में प्रदीप कुमार सउनि0 मय लीलाधर कानि शामिल थे।

कोर्ट परिसर में डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा को पुष्प अर्पित किए

चिड़ावा । अभिभाषक संघ चिड़ावा द्वारा मंगलवार को न्यायालय परिसर में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर एवं महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार अध्यक्ष विजय गुरावा ने की। समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहनलाल बेड़ी थे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. आंबेडकर और महात्मा फुले की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मपाल सिंह, शीशराम बोला, शिशराम झाझड़िया, बार अध्यक्ष विजय गुरावा, विजय डाबला, सचिव गिरधारी लाल सोनी, लोकेश शर्मा और नवीन झाझड़िया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए दोनों महापुरुषों के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। जयंती समारोह में वेदप्रकाश सिहाग, नरेश कल्याण, रौनक हलवान, टैक्स बार अध्यक्ष विक्रम सिंह शेखावत, ओमप्रकाश माहिच, बीर प्रकाश झाझड़िया, प्रशांत शर्मा, कोषाध्यक्ष रामनिवास, निहाल सिंह, सुमेर धनखड़, अरुण पाटिल, दर्शन लामोरिया, दीपक शर्मा, दीपक स्वामी, भीम सिंह सैनी, राकेश आर्य, ओमप्रकाश डांगी एवं कोर्ट परिसर के स्टाम्प वेंडर व टाइपिस्ट सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

अंबेडकर जयंती पर निकाली रैली

चिड़ावा। पुरानी बस्ती में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम हुआ। जिसके मुख्य अतिथि भाजपा नेता राजेश दहिया थे। उन्होंने अंबेडकर के विचारों को आज के समय में अपनाने पर बल दिया। अध्यक्षता कर रहे रोहिताश्व महरानिया ने बाबा साहब के तीन मंत्र शिक्षित बनो, संगठित बनो और संघर्ष करो को जीवन में धारण करने का आ ान किया। साध्वी ओमनाथ महाराज ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा करने और निचले तबके को उठाने का कार्य अंबेडकर ने किया, वर्तमान में सामाजिक दूरियों को घटाकर एक जुट होकर सभी को लोकहित के लिए कार्य करना होगा। इंद्र सिंह भोबिया ने भी बाबा साहब से जुड़े प्रेरक प्रसंग सुनाएं। एएसपी फूलसिंह मीणा ने भी विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रैली भी निकाली गई। जिसका जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस मौके पर नितिन भगत, विजय गुरावा, नाथूराम भगत, सिद्धार्थ, सुनील मेहरा, कुलदीप भगत, मंगेश भगत, एडवोकेट उमेद बरबड़, अरविन्द भगत, राहुल भगत, पवन भुकल, विजेश, ओमप्रकाश निर्मल, दयादन, दिनेश आदि उपस्थित थे।

एक लाख रुपए की राशि भेंट

लक्ष्मणगढ शेखावाटी । सैन समाज समिति लक्ष्मनगढ के मंत्री केशव की माताश्री श्रीमती सकु देवी चांदीवाल ने अपने पति श्री मामचंद चांदीवाल की स्मृति में संत शिरोमणि सैन जी महाराज की जयंती पर सेन मंदिर के विकास के लिए एक लाख रुपए की राशि भेंट की है। चांदीवाल परिवार की ओर से किए गए आर्थिक सहयोग के लिए सेन समाज समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार सेन सहित सभी पदाधिकारी सदस्यों ने आभार व्यक्त किया है और सैन जी महाराज व नारायणी मां से चांदीवाल परिवार के स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की मंगल कामना की है ।

'ऑपरेशन नकेल' में मादक पदार्थ जब्त, दो गिरफ्तार

■ जिलेभर में अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ जारी ''ऑपरेशन नकेल'' के तहत आज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ़ रिछपाल चारण आर पी एस व सहायक पुलिस अधीक्षक राजगढ अभिजीत पाटिल आईपीएस के निकट सुपरविजन में रायसिंह पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी हमीरवास ने मय टीम के दौराने गस्त के दौरान गांव बालाण पुलिस थाना हमीरवास में मुल्जिम सुनील सिंह के कब्जे से 376 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया

चूरू, । पुलिस थाना हमीरवास क्षेत्र में पुलिस ने ''ऑपरेशन नकेल'' में एक जने के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है। यहां जिला पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम आई.पी.एस ने बताया कि जिलेभर में अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ जारी ''ऑपरेशन नकेल'' के तहत आज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ़ रिछपाल चारण आर पी एस व सहायक पुलिस अधीक्षक राजगढ अभिजीत पाटिल आईपीएस के निकट सुपरविजन में रायसिंह पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी हमीरवास ने मय टीम के दौराने गस्त के दौरान गांव बालाण पुलिस थाना हमीरवास में मुल्जिम सुनील सिंह पुत्र मूल सिंह जाति राजपूत निवासी बालाण पुलिस थाना हमीरवास जिला चूरू के कब्जे से 376 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा व गांजा बेचने के लिये पुडिया बनाने के काम में आने वाली छोटी-छोटी 420 प्लास्टिक की पारदर्शी थैली जप्त की जाकर मुल्जिम के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर लिया।

अनुसंधान कमलेश उप निरीक्षक पुलिस थाना राजगढ द्वारा जारी है। मुल्जिम सुनील फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस टीम में रायसिंह पुलिस निरीक्षक पुलिस थाना हमीरवास जिला चूरू, हरिकिशन सहायक उप निरीक्षक पुलिस थाना हमीरवास जिला चूरू, श्रीमती सन्तोष महिला हैड कानि पुलिस थाना हमीरवास जिला चूरू, अमित कुमार कानि पुलिस थाना राजगढ जिला चूरू शामिल थे।

इसी तरह थाना सरदारशहर टीम ने अवैध मादक पदार्थों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये दो अलग अलग प्रकरण में 477 ठाम अवैध गांजा जब्त कर दो तस्करें को गिरफ्तार कर लिया। यहां जिला पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम आईपीएस ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ जारी जिलास्तर पर अभियान ''ऑपरेशन नकेल'' के तहत अति पुलिस अधीक्षक चूरू सुनिल कुमार आरपीएस व पुलिस उप अधीक्षक सरदारशहर कुलदीप वालिया आरपीएस के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी पुलिस थाना सरदारशहर मदनलाल बिश्नोई पुनि के नेतृत्व में रामफुल उनि और ओमप्रकाश मय जाब्ता के टीम का गठन कर कस्बा सरदारशहर में सघन सर्च अभियान चला कर राजमार्गों पर होटल, चाय की थडी, बस स्टेण्ड, स्कुल, हस्पताल व कॉलज के आस पास गांजा की पूडिया व सिगरेट बना कर बेचने वालों के खिलाफ छापेमारे की गई। जिस पर ओमप्रकाश उनि मय टीम द्वारा अवैध गांजा के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये नजद बुकलसर फांटा के पास दौराने चैंकिग गांजा की पुडिया/सिगरेट बेचले वाले आरोपी बीरबल नाथ पुत्र सोहननाथ जाति सिद्ध उम्र 61 साल निवासी पाटमदेसर पुलिस थाना सरदारशहर को गिरफ्तार कर अवैध गांजा 205 ठाम जब्त किया जाकर प्रकरण धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजिबद्ध किया गया। इसी सर्च अभियान के तहत रामफुल उनि मय टीम द्वारा अवैध गांजा के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये नजद करणी नगर रोड की तरफ दौराने चैंकिग गांजा की पुडिया/सिगरेट बेचले वाले आरोपी मदन लाल पुत्र चैनाराम जाति जाट उम्र 45 साल निवासी बाडी बास सुबेदार का कुआ वार्ड नम्बर 16 पुलिस थाना सरदारशहर को गिरफ्तार कर अवैध गांजा 273 ठाम जब्त किया जाकर प्रकरण धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में पंजिबद्ध किया गया। पुलिस टीम में ओमप्रकाश उनि, रामफूल उनि, रमेश कुमार कानि, संदीप कुमार कानि, जयसिंह कानि, भोजूराम कानि, अनिल कुमार कानि शामिल थे।

बच्चों व स्टाफ ने दी प्रस्तुतियां

चिड़ावा। शहर के मंड़ेला रोड स्थिति परमहंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था निदेशक विक्रम जांगिड़ एवं संस्था के सह-निदेशक मुकेश जांगिड़ ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं व स्टाफ सदस्यों ने भाषण, कविता व लघु नाटिका के माध्यम से डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष एवं संविधान निर्माण में उनके योगदान को प्रस्तुत किया। संस्था निदेशक विक्रम जांगिड़ ने अपने उद्बोधन में कहा, ''बाबा साहेब ने शिक्षा को सबसे बड़ा शस्त्र बताया है। हमें सामाजिक भेदभाव मिटाकर शिक्षा के बल पर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।'' सह-निदेशक मुकेश जांगिड़ ने विद्यार्थियों को संविधान के आदर्शों समता, स्वतंत्रता एवं बंधुत्व को आत्मसात करने का आ ान किया।

डॉ. अम्बेडकर को श्रद्धा से याद किया, मिठाई बांट कर ख़ुशी प्रकट जताई

■ डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सर्व समाज ने पुष्पांजलि अर्पित की गई। डॉ. अम्बेडकर समाजिक न्याय के प्रिय थे

सातड़ा । किसान कार्यालय न्यौल भवन, सातड़ा में सर्व समाज जागृति मंच के प्रदेशाध्यक्ष और वरिष्ठ किसान नेता आदूराम न्यौल के मुख्य आतिथ्य और पूर्व सरपंच दुलाराम मेघवाल की अध्यक्षता में भारतीय संविधान के शिल्पकार और स्वतंत्र भारत में केंद्रीय सरकार के प्रथम कानून मंत्री डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाई गई।

डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सर्व समाज द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मिठाई बांट कर ख़ुशी प्रकट की गई।

न्यौल ने अपने उद्बोधन में बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर भारत में सामाजिक न्याय के प्रेरक व प्रहरी, समतामूलक समाज के श्रेष्ठ स्वप्नद्रष्टा, ज्ञान और समता के प्रतीक, दमित-वंचित वर्ग की बुलंद आवाज़ थे। सामाजिक न्याय के प्रणेता और प्रहरी के रूप में डॉ. अम्बेडकर एक दलित नेता की बजाय एक राष्ट्र निर्माता थे।

अध्यक्षता करते हुए दुलाराम मेघवाल ने बताया कि सामाजिक न्याय के प्रहरी डॉ. अम्बेडकर ने समतावादी सामाजिक व्यवस्था अर्थात स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व के आदर्शों पर आधारित व्यवस्था की स्थापना के लिए जीवन भर संघर्ष भी किया। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि डॉ. अम्बेडकर के अनुसार जब तक भारत में जाति प्रथा रहेगी, भारत मजबूत नहीं हो सकता। वह जातिप्रथा को राष्ट्र विरोधी मानते थे तथा जाति को सामाजिक जीवन में अलगाव व भेदभाव पैदा करने वाला तत्व मानते थे। सभा में रतना राम जांगिड़, तेजसिंह राजपूत, चौथूराम मेघवाल, मोटाराम स्वामी, अगोपाल जाट, हरिप्रसाद शर्मा, सुरेश गर्ग, चेतराम स्वामी,लिछमण राम मेघवाल, ओमप्रकाश जांगिड़, शेराराम रोलन, जयप्रकाश स्वामी, भानीराम पटीर, सुरेंद्र मेघवाल, हरिकिशन स्वामी, लीलाधर, रामकुमार मेघवाल, रतिराम रोलण, मुकेश स्वामी, परमानन्द गर्ग, बजरंगलाल गर्ग, ओमप्रकाश गर्ग एवं भारी संख्या में ठामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन हरिराम न्यौल एवं जितेंद्र न्यौल ने किया।

अम्बेडकर जयंती पर कलेक्टर ने दी पुष्पांजलि, समानता का दिया संदेश

■ हनुमानगढ़ कलेक्ट्रेट सभागार में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का प्रसारण

हनुमानगढ़, (निसं)। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को हनुमानगढ़ जंक्शन स्थित अम्बेडकर चौक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया और उपस्थित सभी ने संवैधानिक आदर्शों को अपनाने और मौलिक कर्तव्यों का पालन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने कहा कि बाबा साहेब भारतीय संविधान के निर्माता और आधुनिक भारत के महान शिल्पकारों में से एक थे। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर जयंती केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक समानता, न्याय और संविधान के मूल्यों को आत्मसात करने का अवसर है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह सबसे बड़ा माध्यम है, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि अमित सहू, प्रदीप ऐरी, डॉ. भारत भूषण शर्मा, जिला परिषद सीईओ ओ.पी. बिश्नोई, सीडीईओ पन्नालाल कड़ेला, नगर परिषद आयुक्त सुरेन्द्र यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहेब के विचारों को याद करते हुए समाज में समानता और न्याय स्थापित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक श्री विक्रम सिंह ने आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात सभी अतिथि व अधिकारी कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के ऑनलाइन प्रसारण से जुडे, जहां जिला कलेक्टर सहित पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा, जनप्रतिनिधि प्रमोद डेलू, देवेंद्र पारीक, विकास गुप्ता, संजय शर्मा, ओम सोनी ने बाबा साहेब के विचारों को आगे बढाने का संकल्प दोहराया गया। मंच संचालन श्री भीष्म कौशिक ने किया।

किसान छात्रावास में बाबा साहेब को नमन किया

नोहर, (निसं)। भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर स्थानीय किसान छात्रावास में मंगलवार को भव्य और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पूरे परिसर में उत्साह और गौरव का माहौल देखने को मिला, जहां छात्रों ने बड़े हर्ष और उल्लास के साथ बाबा साहेब को नमन किया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित जनों ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनके संघर्षमय जीवन और महान विचारों को याद किया। इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षक मोहन सुथार ने अपने संबोधन में बाबा साहेब के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं।

भंवर सिंह जाखड़ बने संस्थापन अधिकारी

लक्ष्मणगढ,शेखावाटी । विभागीय पदोन्नित पाकर भंवरसिंह जाखड़ ने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में मंत्रालयक कर्मचारी केडर के सर्वोच्च पद संस्थापन अधिकारी के पद पर कार्य ठाहण व कार्य भार सम्भाल कर स्टॉफ के साथ बैठक आयोजित कर अपनी सेवा के 39 साल के अनुभव शेयर करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।इस से पूर्व कार्याल स्टॉफ के कर्मचारियों द्वारा कार्य ठाहण पर भवरसिंह जाखड़ का शानदार स्वागत किया गया। इस मौके पर सीबीईओ विधाधर शर्मा व रिसोर्स पर्सन सरेश कुमार भास्कर ने साफा व माला पहनाकर सम्मान किया।लेखाकार अनिल मील व श्रीराम मुंड ने गुलदस्ता भेंट किया। कार्यालय स्टॉफ द्वारा बुके प्रदान कर सह सम्मान कार्य ठाहण करवाया।इस अवसर पर अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी परमेश्वर ढाका ,वरिष्ठ सहायक कमलेश शर्मा,कंप्यूटर महेश सैनी, दिनेश सवामी, एमआईएस विकास झांकल,कनिष्ठ सहायक दीनदयाल शर्मा, सहायक कर्मचारी भंवरलाल स्वामी आदि उपस्थित थे।

ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का प्रयास पूरे समाज के लिए प्रेरणा : डॉ. अरुण गर्ग

■ वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झुंझुनूं कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने शिरकत की, जबकि अध्यक्षता विद्यालय के संस्थापक संतोष मित्तल ने की

झुंझुनूं । शिक्षा, संस्कृति और प्रतिभा का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिला, जब शेखावाटी पब्लिक स्कूल (एसपीएस), हेतमसर का वार्षिकोत्सव समारोह हर्षोल्लास और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। रंग-बिरंगे सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झुंझुनूं जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने शिरकत की, जबकि अध्यक्षता विद्यालय के संस्थापक संतोष मित्तल ने की। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. छोटेलाल गुर्जर, आईआईटी गुरुकुल के संस्थापक शैलेश, सहायक प्रोफेसर धीर सिंह धाबाई, जिला अतिरिक्त कोषाधिकारी प्रियंका लांबा, प्रबंधन निदेशक भेरूलाल गुर्जर एवं एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर दीपिका मित्तल सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने अतिथियों का राजस्थानी परंपरा अनुसार साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी शिक्षा व्यवस्था सराहनीय - डॉ. अरुण गर्ग ने अपने संबोधन में विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षिणक गुणवत्ता, अनुशासन और आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर की प्रशंसा करते हुए कहा कि ठामीण क्षेत्र में इस स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराना एक सराहनीय पहल है। उन्होंने विद्यालय द्वारा ठामीण प्रतिभाओं को निखारने के प्रयासों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर सहायक प्रोफेसर धीर सिंह धाबाई ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन और निरंतर परिश्रम का महत्व बताते हुए सफलता के लिए प्रेरित किया। शत-प्रतिशत परिणाम और उपलब्धियों का गौरवशाली लेखा-जोखा विद्यालय की अकादमिक निदेशक ज्योति मित्तल ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम लगातार शत-प्रतिशत रहा है तथा मंडावा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने शैक्षिणक एवं सह-शैक्षिणक गतिविधियों के साथ भविष्य की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। समारोह में सत्र 2025-26 के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इसके बाद विद्यार्थियों ने ज्योति मित्तल एवं दीपिका मित्तल के निर्देशन में देशभक्ति, लोक संस्कृति एवं आधुनिक रंगों से सजे आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया। अभिभावकों ने भी बच्चों की प्रतिभा और विद्यालय के प्रयासों की खुलकर सराहना की। कार्यक्रम के अंत में संस्थापक संतोष मित्तल ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के भावी लक्ष्यों की जानकारी दी।

सार-समाचार

राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह की शुरुआत

झुंझुनूं । नगर परिषद झुंझुनूं की ओर से मंगलवार को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह (14 से 20 अप्रैल) की शुरुआत जागरूकता कार्यक्रम के साथ की गई। अभियान का शुभारंभ जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर किया। नगर परिषद आयुक्त देवीलाल बोचल्या ने बताया कि सप्ताहभर जिले के स्कूलों, कॉलेजों और अस्पतालों में फायर सेफ्टी को लेकर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विद्यार्थियों को मॉक ड्रिल के माध्यम से आग से बचाव और आपात स्थिति में सुरक्षित निकासी के उपाय सिखाए जाएंगे। वहीं अस्पतालों, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और भीड़भाड़ वाले बाजारों में अग्नि सुरक्षा उपकरणों की जांच भी की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान आमजन को फायर ब्रिगेड के आपातकालीन नंबरों और सुरक्षा उपायों से जुड़े पम्पलेट वितरित किए गए। कलेक्टर डॉ. गर्ग ने बताया कि राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह उन 66 बहादुर अग्निशामकों की स्मृति में मनाया जाता है, जिन्होंने 14 अप्रैल 1944 को बॉम्बे बंदरगाह पर हुए भीषण विस्फोट के दौरान आग बुझाते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। लाइव डेमो से सिखाए बचाव के तरीके - नगर परिषद की अग्निशमन टीम ने कार्यक्रम में आग बुझाने का लाइव प्रदर्शन किया। घरेलू गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में गीले कपड़े या बाल्टी के उपयोग से ऑक्सीजन काटकर आग बुझाने का तरीका बताया गया। वहीं डीजल और पेट्रोल जैसी ज्वलनशील पदार्थों में लगी आग पर फोम के जरिए वैज्ञानिक तरीके से नियंत्रण करने का प्रदर्शन भी किया गया। इसके साथ ही लोगों को यह भी समझाया गया कि आग लगने पर घबराने के बजाय संयम बनाए रखें और निकास (एग्जिट) मार्ग का उपयोग करें। फायर एक्सटिंग्विशर के सही इस्तेमाल का प्रशिक्षण भी दिया गया । कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास, नगर परिषद आयुक्त देवीलाल बोचल्या, अग्निशमन अधिकारी बुलकेश भाम्बू, सहायक अभियंता प्रेम बिहारी माथुर सहित सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारी व नगर परिषद के कार्मिक मौजूद रहे।

संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर जयंती मनाई

खेतड़ी । खेतड़ी के उपखंड कार्यालय के सामने खेतड़ी जनसेवा समिति की ओर से मंगलवार को ड़ॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धुमधाम से मनाई। मुख्य अतिथि बनवारी लाल मावर थे, जबकि अध्यक्षता पंडित राजकुमार व्यास ने की। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों ने डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अपिर्त कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनवारी लाल मावर ने डा. भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सब को उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर विविधता लिए भारत देश को एक मजबूत किया साथ सभी महिलाओं और पुरुषों को अच्छी शिक्षा लेकर आगे बढ़ने के लिए हमेशा प्रोत्साहित किया है। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का जीवन संघर्ष और सफलता की ऐसी अद्भुत मिसाल है, जो शायद ही कहीं और देखने को न मिले। उन्होंने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने प्रारंभिक शिक्षा लेने में भी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा, लेकिन अंबेडकर ने न केवल उच्च शिक्षा हासिल की बल्कि, स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री बने। उन्होंने अपना पूरा जीवन देश के नाम अर्पित कर दिया था। उन्होंने अपना पूरा जीवन सामाजिक बुराइयों जैसे छुआछूत और जातिवाद के खिलाफ संघर्ष में लगा दिया। खेतड़ी में ट्रस्ट की नितियों के खिलाफ पिछले 27 दिन से धरना चल रहा है। इस दौरान ठामीणों ने धरना स्थल पर डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक अध्यक